हिन्दी विभाग
नई दिल्ली नगरपालिका परिषद्
पालिका केन्द्र : नई दिल्ली

क्रमांकः हि.वि./ 178-237 /2016 दिनाँकः 05-07-2016

परिपत्र

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् के कर्मचारियों/अधिकारियों में हिन्दी के काम-काज को बढ़ावा देने के लिए एवं हिन्दी के प्रति रूचि जागृत करने के लिए परिषद् द्वारा हिन्दी सुलेख, हिन्दी निबन्ध, हिन्दी टिप्पण व आलेखन एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता-2016 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं की नियमावली नीचे दी जा रही है। इच्छुक प्रतियोगियों से अनुरोध है कि प्रतियोगिता में अपना नाम भिजवाने से पूर्व कृपया नियमावली को ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें एवं उसी के आधार पर आवेदन करें।

'हिन्दी सुलेख,' 'हिन्दी निबन्ध', 'हिन्दी टिप्पण व आलेखन' एवं 'काव्य पाठ' प्रतियोगिता-2016

नियमावली

1. इन प्रतियोगिताओं का नाम **'नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् हिन्दी प्रतियोगिताएँ 2016'** है।
2. इनका उद्देश्य पालिका परिषद् के कर्मचारियों/अधिकारियों में हिन्दी के प्रति रूचि जागृत करना है, साथ ही दिन-प्रतिदिन के कार्यालय का अधिकाधिक काम हिन्दी में करने के लिए प्रेरित करना है।
3. इन प्रतियोगिताओं में पालिका परिषद् के सभी विभागों के कर्मचारी/अधिकारी भाग ले सकते हैं तथा अनुबंध आधार पर तथा नियमित मस्टर रोल के कर्मचारी भी शामिल हो सकते हैं परन्तु हिन्दी विभाग का कोई भी कर्मचारी इसमें सम्मिलित नहीं हो सकेगा ।
4. इन प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने के लिए कोई शुल्क नहीं है।
5. प्रतियोगी हिन्दी की किसी एक अथवा सभी प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हो सकता है।

6. हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता का समय 5 मिनट होगा जोकि 50 अंक का होगा।

7. हिन्दी निबंध प्रतियोगिता में प्रतियोगी को दिए गए विषयों में से किसी एक पर कम से कम 500 शब्दों का निबन्ध लिखना होगा जो 50 अंकों का होगा और समयावधि 45 मिनट होगी।

8. हिन्दी टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता का समय एक घंटे का होगा और इसके पूर्णाक 100 होगें ।

9. **कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतियोगी को दो मिनट का समय दिया जाएगा । कविता स्वरचित होनी चाहिए।**

10. प्रत्येक प्रतियोगिता में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा । अहिन्दी भाषी प्रतियोगियों को 5 अंकों की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। **अतः अहिन्दी भाषी अपने आवेदन पत्र व उत्तर पुस्तिका के ऊपर स्पष्ट रूप से अहिन्दी भाषी लिख कर रेखांकित करें।**

11. **हिन्दी सुलेख, हिन्दी निबन्ध एवं हिन्दी टिप्पण व आलेखन, काव्य पाठ के लिए नकद पुरस्कारों का विवरण निम्न प्रकार है:-**

क्र.सं.	पुरस्कार	संख्या	पुरस्कार राशि
1.	प्रथम पुरस्कार	एक	₹ 5000/-
2.	द्वितीय पुरस्कार	एक	₹ 3500/-
3.	तृतीय पुरस्कार	एक	₹ 2500/-
4.	प्रोत्साहन पुरस्कार	दस	₹ 1000/-

12. प्रत्येक विजेता को हिन्दी पुरस्कार वितरण समारोह में नकद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

13. प्रत्येक प्रतियोगिता में उत्तीर्ण प्रतियोगी को स्मृति चिन्ह एवम् प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा।

14. प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए अलग-अलग आवेदन-पत्र देना होगा।

15. **किसी भी मामले में अन्तिम निर्णय निर्णायकों का होगा।**

प्रतियोगिताएं कन्वेन्शन सेन्टर (आडिटोरियम) में नीचे दिये समयानुसार आयोजित की जायेगी:-

क्र.सं.	दिनांक	प्रतियोगिता का नाम	दिन व समय
1.	26.07.2016	हिन्दी सुलेख व हिन्दी निबन्ध	मंगलवार 12.00 बजे 2.00 बजे
2.	27.07.2016	हिन्दी टिप्पण व आलेखन	बुधवार 2.30 बजे
3.	28.07.2016	काव्य पाठ	बृहस्पतिवार 10.00 बजे

इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी इच्छुक प्रतियोगियों के आवेदन-पत्र विभागाध्यक्षों के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **19.07.2016** तक हिन्दी विभाग, कमरा नं. 1209, 12वां तल, पालिका केन्द्र नई दिल्ली में अवश्य पहुंच जाने चाहिए। **अन्तिम तिथि उपरान्त कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। (परिपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र संलग्न हैं। संलग्न प्रपत्र पर ही आवेदन करें ।)**

चंचल

सचिव

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद्
(हिन्दी विभाग)
पालिका केन्द्र : नई दिल्ली

'हिन्दी सुलेख', 'हिन्दी निबन्ध' एवं 'हिन्दी टिप्पण व आलेखन' एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता 2016 में भाग लेने हेतु निर्धारित प्रपत्रः-

1. अधिकारी/कर्मचारी का नाम:
   (कर्मचारी कोड संख्या सहित)
2. पिता/पति का नाम:
3. पदनाम:
4. शैक्षिक योग्यता:
5. प्रतियोगिता का नाम:
6. विभाग का नाम व पूरा पता:
   (दूरभाष संख्या सहित।)

टेलीफोन नं.-
मोबाईल नं.-

7. प्रतियोगी के हस्ताक्षर

अग्रसरित करने वाले विभागाध्यक्ष के
हस्ताक्षर एवं मोहर

नोट :- कृपया प्रपत्र भरने से पूर्व संलग्न नियमावली अवश्य पढ़े।